**SET-4**

**Series ЄABAЄ/C**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **69**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **13** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **7** printed pages.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **13** questions.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# गृह विज्ञान (सैद्धान्तिक)

# HOME SCIENCE (Theory)

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* *अधिकतम अंक : 35*

*Time allowed : 2 hours* *Maximum Marks : 35*

*सामान्य निर्देश :*

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल* ***13*** *प्रश्न हैं ।*

*(iii)* *यह प्रश्न-पत्र* ***तीन*** *खण्डों में बाँटा गया है –* ***क, ख*** *और* ***ग*** *।*

*(iv)* ***खण्ड क*** *में प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***7*** *तक हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***2*** *अंकों का है ।*

*(v)* ***खण्ड ख*** *में प्रश्न संख्या* ***8*** *से* ***10*** *तक हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***3*** *अंकों का है ।*

*(vi)* ***खण्ड ग*** *में प्रश्न संख्या* ***11*** *से* ***13*** *तक हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***4*** *अंकों का है ।*

*(vii)* *कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं ।*

## खण्ड क

**1.** टेंटों और मालडिब्बों के कवरों के लिए बने कपड़ों का उपयोग करके ज़्यादा चलने वाली डेनिम पैंटें बनाई गईं । इन्हें सबसे पहले किसने और किस वर्ष में बनाया ? *2*

**2.** विकास संचार में जन सेवा उद्घोषणा (PSA) का क्या महत्त्व है ? कोई दो बिन्दु लिखिए । *2*

**3.** (क) वस्त्र की बुनावट क्या होती है ? इसे उल्लेखित करने का कोई एक तरीका उदाहरण देकर बताइए । *2*

**अथवा**

(ख) मनीष को संबंधित रंग योजनाओं का इस्तेमाल करते हुए अपने फैशन शो के लिए एक सुंदर-सी पोशाक बनानी है । इसके लिए उसे किन्हीं दो संबंधित रंग योजनाओं के बारे में समझाइए जिनका वह इस्तेमाल कर सकता है । *2*

**4.** आपकी आँटी कपड़े धोने के लिए धुलाई मशीन खरीदना चाहती हैं । उन्हें पूर्णतया स्वचालित और अर्ध-स्वचालित धुलाई मशीन की एक-एक विशेषता बताइए ताकि उन्हें निर्णय लेना आसान हो । *2*

**5.** (क) भारत के प्रथम शिक्षा उपग्रह का नाम लिखिए । इसका प्रमोचन कब और क्यों किया गया था ? *2*

**अथवा**

(ख) मूलभूत कम्प्यूटर शिक्षा के लिए तमिलनाडु राज्य में कौन-सी परियोजना चलाई गई थी ? इसका पूरा नाम लिखिए । इस परियोजना के अंतर्गत कौन-सी सेवाएँ सम्मिलित की गईं थीं ? *2*

**6.** कार्यपालक रसोईया (एग्ज़ीक्यूटिव शेफ़) तथा शेफ़-डे-पार्टी में अंतर स्पष्ट कीजिए । *2*

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* ***All*** *questions are compulsory.*

*(ii)* *There are total* ***13*** *questions.*

*(iii)* *This question paper is divided into* ***three*** *sections –* ***A, B*** *and* ***C****.*

*(iv)* ***Section A*** *has question nos.* ***1*** *to* ***7*** *of* ***2*** *marks each.*

*(v)* ***Section B*** *has question nos.* ***8*** *to* ***10*** *of* ***3*** *marks each.*

*(vi)* ***Section C*** *has question nos.* ***11*** *to* ***13*** *of* ***4*** *marks each.*

*(vii)* *There are internal choices in some questions.*

## SECTION A

**1.** Fabrics intended for tents and wagon covers were used to make long wearing denim pants. Who made them first and in which year ? *2*

**2.** What is the importance of Public Service Announcement (PSA) in Development Communication ? Write any two points. *2*

**3.** (a) What is texture of a fabric ? State any one way of describing it, with an example. *2*

**OR**

(b) Manish has to prepare a beautiful dress for his fashion show using related colour scheme. Explain any two types of related colour schemes that he can use. *2*

**4.** Your aunt wants to purchase a washing machine for washing clothes. To make her decision easier, tell her one feature each of fully automatic and semi-automatic washing machine. *2*

**5.** (a) Name the first Education Satellite of India. When and why was it launched ? *2*

**OR**

(b) Which project was started in the state of Tamil Nadu for providing basic computer education ? Write its full name. Which services were included under this project ? *2*

**6.** Differentiate between Executive Chef and Chef-de-partie. *2*

**7.** निम्नलिखित के लिए कारण दीजिए : *2*

'आज के उपभोक्ता को सतर्क, जागरूक और पूरी जानकारी रखने वाला बनना आवश्यक है ।'

### खण्ड ख

**8.** (क) फ़ैशन चक्र से आप क्या समझते हैं ? इसके पाँच स्तरों के नाम लिखिए । *3*

**अथवा**

(ख) दीपा को एक फ़ैशन स्टोर शृंखला में प्रबंधक का कार्य मिला है । स्टोर के किन्हीं तीन प्रमुख प्रभागों की सूची बनाकर उसे उनमें किए जाने वाले कार्य संक्षेप में समझाइए । *3*

**9.** विद्यार्थियों का एक समूह होटल और अस्पताल के धुलाईघरों का निरीक्षण करने गया । अपनी परियोजना में वे इन दोनों धुलाईघरों के कौन-से तीन अन्तरों का उल्लेख कर सकते हैं ? *3*

**10.** विकास संचार की किन्हीं दो विधियों का वर्णन कीजिए । प्रत्येक विधि का एक उदाहरण दीजिए । *3*

### खण्ड ग

**11.** टीना ने फ़ैशन डिज़ाइनिंग का कोर्स करके अपना बुटीक खोला है ।

(क) वह अपनी सहेली के लिए ड्रेस बनाना चाहती है । उसे समझाइए कि वह किन दो तरीकों से ड्रेस में संतुलन ला सकती है ।

(ख) वह अपनी माँ के लिए सलवार कमीज़ डिज़ाइन कर रही है जो लम्बी एवं पतली हैं । उसे किन दो प्रकार की रेखाओं का इस्तेमाल करना चाहिए तथा क्यों ? अपने उत्तर को उपयुक्त चित्रों द्वारा भी दर्शाइए । *2+2=4*

***केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए :***

(ख) चित्र बनाने की आवश्यकता ***नहीं*** है ।

**12.** (क) "आतिथ्य उद्योग में युवाओं को प्राथमिकता प्रदान की जाती है और इसलिए वे कार्यबल के मुख्य भाग होते हैं ।" इस कथन का समर्थन चार कारण देते हुए कीजिए । *4*

**अथवा**

(ख) "होटल स्वागती के लिए चेहरे पर मुस्कान होना सर्वाधिक स्थायी योग्यता है ।" इसके अतिरिक्त, उसमें अन्य चार अपेक्षित अनिवार्य योग्यताएँ कौन-सी होनी चाहिए ? *4*

**7.** Give reasons for the following :
'It is necessary for today's consumer to be careful, alert and well-informed'. *2*

## SECTION B

**8.** (a) What do you understand by Fashion Cycle ? Write the names of its five stages. *3*

**OR**

(b) Deepa has got the job of a manager in a Fashion Chain store. List and briefly explain her any three major divisions of the store and the work performed in them. *3*

**9.** A group of students visited hotel and hospital laundries. Which three points of difference can they mention between these laundries in their project ? *3*

**10.** Describe any two methods of Development Communication. Give one example of each method. *3*

## SECTION C

**11.** Tina has done a course in fashion designing and has opened her boutique.

(a) She wants to design a dress for her friend. Explain to her two ways of creating balance in the dress.

(b) She is designing a salwar kameez for her mother who is tall and thin. Which two types of lines should she use and why ? Also illustrate your answer with suitable diagrams. *2+2=4*

***For Visually Impaired Candidates only :***

(b) ***No*** need to draw diagrams.

**12.** (a) "Youth are preferred and thus form the major part of the workforce in the Hospitality industry." Support this statement by giving four reasons. *4*

**OR**

(b) "Smile is the most enduring competency required by a hotel receptionist." Besides this, which other four essential competencies are expected which he/she should possess ? *4*

**13.** (क) एक पर्वतीय स्थल पर शॉल और स्वैटर बेचने वाला दुकानदार किन दो तरीकों से पर्यटकों को ठग सकता है ?

(ख) इस संदर्भ में एक जागरूक उपभोक्ता के रूप में आपके दो दायित्व क्या होंगे ?

(ग) शुद्ध ऊनी वस्त्रों की पहचान आप किस मानकीकरण चिह्न द्वारा करेंगे, उसका चित्र बनाइए । *2+1+1=4*

***केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए :***

(ग) केवल मानकीकरण चिह्न का नाम लिखिए ।

13. (a) In which two ways can a shopkeeper selling shawls and sweaters, in a hill station cheat the tourists ?

(b) As an aware consumer, what are your two responsibilities in this context ?

(c) Draw the standardization mark by which you will identify pure woollen clothes. *2+1+1=4*

***For Visually Impaired Candidates only :***

(c) Name the standardization mark only.